wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-23 सागवाड़ा, शुक्रवार, 17 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम

**डूंगरपुर।** जिले में भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह का आज आगाज हुआ। इस मौके पर शहर के विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में भाजपा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांसवाडा-डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा रहे वही कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पूर्व मंत्री सुशील कटारा, सभापति अमृत कलासुआ, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभू पंड्या व उपसभापति सुदर्शन जैन व भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर शुरू हुए सेवा सप्ताह के तहत सभापति अमृत कलासुआ की ओर से शहर की गरीब ।1 बेटियों को वस्त्र भेट किये गए। वही इस मौके पर अतिथियों ने समारोह का सम्बोधित किया। अपने संबोधन में सांसद कनकमल कटारा ने कहा की आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा के रूप में मना रहा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओ से सेवा सप्ताह के तहत दीन दुखियो व जरुतमंद लोगो की मदद करने का आव्हान किया।

## 25 किलो पालिथीन जब्त की, 1300 रुपए जुर्माना

**सागवाड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ सागवाड़ा को लेकर पालिथीन जब्त करने की कार्रवाई के तहत शुक्रवार को 25 किलो पालिथीन जब्त की गई। 1300 रुपए जुर्माना भी लगाया गया। शुक्रवार को नया बाजार क्षेत्र में व्यापारियों से पालिथीन जब्त की गई। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने कहा कि सरकार ने पालिथीन पर प्रतिबंध लगा रखा है। बार बार समझाईश के बाद भी चोरीछिपे पालिथीन का उपयोग कर रहे है। सब्जी विक्रेता, ठेले वालो, चाय वालो और दुकानदारों से पालिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहां कि आने वाले दिनों में पालिका प्रशासन ओर सख्त कदम उठाएगा। इस दौरान जीतेन्द्र शर्मा, पंकज शर्मा, त्रिलोक, हेमंत जोशी और संजय हरिजन ने पालीथीन जब्त की।

## झुलसे एक ओर युवक की मौत

**डूंगरपुर।** गुजरात के राजकोट में एक रिजोर्ट के एक कमरे अज्ञात कारणों से लगी आग मामले में झुलसे एक और युवक की आज मौत हो गई। वही हादसे में मृतको की संख्या 5 हो गई है। पुलिस के अनुसार डूंगरपुर जिले के लोडवाड़ा व माड़ा गांव के 8 लोग गुजरात के राजकोट में निराली रिजोर्ट में काम करते थे। 12 अगस्त को उस कमरे में सोते समय सुबह करीब 5 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। और उस आग में सभी 8 लोग झुलस गए थे। वही इनमे से 4 लोगो की मौत अलग-अलग समय उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वही माडा निवासी लक्ष्मण पिता अम्बालाल लबाना को परिजन कल राजकोट अस्पताल से छुट्टी करवाकर घर लाये थे वही आज युवक की तबियत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर डूंगरपुर अस्पताल लेकर आ रहे थे इस दौरान रास्ते में युवक की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और शव मोर्चरी में रखवाया। वही सुचना पर रामसागडा थाना पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

## गैजी में पर्यूषण महापर्व के सातवें दिन अष्ट द्रव्य थाल सजावट प्रतियोगिता हुई

**झौथरी।** गैजी कस्बें में पर्यूषण महापर्व के सातवें दिन अष्ट द्रव्य थाल सजावट प्रतियोगिता श्री दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित हुई। जिसमें 15 प्रतियोगीयो ने भाग लिया। सभी की कलाकृति सराही गई और निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार अंजलि जयदीप एवं रेणुका चीरदीप प्रथम स्थान एवं पदमा कुलदीप द्वितीय रहे।

# जलझूलनी एकादशी पर, भगवान की शोभायात्रा निकली


सागवाड़ा में निकाली शोभायात्रा।


खड़गदा में निकाली शोभायात्रा


घाटा का गांव में निकाली शोभायात्रा।

**सागवाड़ा।**

जलझूलनी एकादशी पर शुक्रवार शाम नगर में भगवान का शृंगार कर तथा शिरोधार्य कर यात्रा निकाली। शुक्लवाड़ा स्थित दशा नेमा महाजन समाज के रूप चतुर्भुज मंदिर से सनातन धर्मावलम्बियों की मौजूदगी में परम्परागत रूप से भगवान की शोभायात्रा निकाली। कोविड के चलते काष्ठ से बने प्राचीन तथा नक्काशीदार रथ को नहीं निकाली तथा रजत पालके में फुलों से आच्छादित भगवान की बाल प्रतिमा को निकाल कर मंत्रोच्चार के बीच बोलीदाता विमल बरोटिया एवं परिवार ने शिरोधार्य किया। भगवान की नयनाभिराम प्रतिमा के दर्शनार्थ जगह जगह श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने फूलमाला चढ़ाई। सुखी जीवन तथा स्वास्थ्य को लेकर मनोती मांगी। नेमा समाज सहित पारंपरिक वेशभुषा पहने सनातन धर्मावलम्बियों के साथ कसारा चौक व पार्श्वनाथ चौक होती हुई मांडवी चौक पहुंचे। यात्रा पोल का कोठा, मोचीवाड़ा होती हुई मसानिया तालाब स्थित भावसार समाज के रुद्राणी माता मंदिर पहुंची। परम्परा के तहत जलाशय में पांच श्रीफल चढाकर भगवान की आरती उतारी। पुनः नया बाजार, गोल चौराहा होती हुई बांसवाड़ा मार्ग स्थित गमरेश्वर मंदिर पहुंची जहां आरती की गई। गोल चौराहा व सदर बाजार होती हुई मांडवी चौक स्थित चारभुजानाथ मंदिर पहुंची जहां देर सायं तक भजन कीर्तन के बाद आरती उतारी गई।

## पीएम के जन्मदिन पर युवक कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस मनाया

**सागवाड़ा।**

**सागवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सागवाड़ा में युथ कांग्रेस ने बेरोजगार दिवस मनाया।

प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गणेश घोघरा व राष्ट्रीय सचिव डॉ. पलक वर्मा के निर्देश पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रभारी श अरविंद सीता डामोर उत्तर मंडल ब्लॉक अध्यक्ष हरीश अहारी के नेतृत्व में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर बेरोजगार दिवस मनाया व बेरोजगारी व महंगाई के चलते युवाओं ने गन्ने का जूस निकाल आमजन को पिलाया वही पकोड़े तल कर लोगो को खिलाते हुए देश मे बढ़ती महंगाई ओर बेरोजगारी का संदेश दिया इस अवसर पर प्रकाश मीणा, हेमेंद्र दर्जी, विजय दर्जी, सोमेश्वर अहारी, संजय परमार, प्रकाश परमार, विष्णु यादव, जिमेन पंचाल, संतोष कटारा, विक्रम अहारी, अनिल, राकेश, गोपाल, महेश, हर्षद, कपिल, निलेश डेंडोर, जितेंद्र, सोहन, हितेश आदि कई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थित में यह विरोध प्रदर्शन किया गया।



## मंदिर कमेटी ने रविवार को आयोजित होने वाले गुजरेश्वर मेला को स्थगित रखने का निर्णय लिया

**झौथरी।** पाडली गुजरेश्वर के गुजरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सीएलजी बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंदिर कमेटी ने रविवार को आयोजित होने वाले गुजरेश्वर मेला को स्थगित रखने का निर्णय लिया। सीएलजी बैठक में मंदिर कमेटी व ग्रामीणो से संवाद करते हुए चौरासी थानाधिकारी बंशीलाल पाटीदार ने कोविड -19 की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर सरकार की गाइड लाइन के अनुरुप इस बार मेला स्थगित रखने के लिए आग्रह किया। जिस पर मंदिर कमेटी व ग्रामीणों ने सकारात्मक पहल कर इस बार 19 सितम्बर रविवार को मेला स्थगित रखने का निर्णय लिया। साथ ही अन्य समस्याओं पर मंथन किया। इस दौरान सरपंच लीलाराम गमेती, गुजरेशवर महादेव मंदिर के कमेटी सदस्य, महावीर भाई जैन, महेन्द्र सिंह, कमलसिह अहाडा, शान्ति लाल प्रजापत, दीपक जोशी, चन्दूलाल जोशी, भूपेंद्र जैन, दलपत सिंह, शंकर भाई, बापुलाल डामोर, इन्द्रलाल पंचाल, कारीलाल पंचाल, कान्तिलाल खराडी, कानि. गिरीश, दिनेश, जयंतीलाल, सोमालाल सहित मौजूद थे।

## प्रशासन गांवों के संग शिविर अंतर्गत प्री शिविर का आयोजन हुआ

**सीमलवाड़ा।** प्रशासन गांवों के संग शिविर अंतर्गत प्री शिविर का आयोजन हुआ। सीमलवाड़ा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बांसिया, बेडसा, थाम का तालाब, सुजा तलाई, मेवड़ा व चाडोली में शुक्रवार को प्री कैंप का आयोजन हुआ। तहसीलदार जगदीश चंद्र बामणिया ने प्री कैंप का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चाडोली में प्रभारी पीईईओ राकेश जैन, सरपंच रमेश भगोरा, उपसरपंच राजेश पाटीदार, ग्राम विकास अधिकारी भंवर बंजारा, पटवारी धनेश्वर भगोरा ग्राम सेवक मंजुला डामोर समेत के सानिध्य में प्री कैंप का आयोजन हुआ। इस प्री कैंप मे सत्र 2019 - 2020 फसली खराबा एवं राप्रावि बांसली फला का परकोटा निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण प्रस्ताव आदि प्रार्थना पत्र आए। बांसिया में सरपंच सूरज देवी डोडियार, पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, सुजा तलाई में सरपंच रतन देवी भगोरा, मेवड़ा में सरपंच जय प्रकाश पंड्या, पूर्व प्रधान मणिलाल ननोमा, बेडसा में सरपंच रेखा देवी रोत के सानिध्य में प्री कैंप का आयोजन कर विकास कार्यों के प्रस्ताव, सीमांकन के प्रार्थना पत्र समेत अन्य विभागों से जुड़े कार्यों के आवेदन लिए गए।

## गोविंद गुरु के बताए मार्ग पर चलने से ही जीवन सार्थक होगा

**सीमलवाड़ा।**

वागड़ संत गोविंद गुरु के प्रथम शिष्य कलजी व भैमा की धूनी गोविंद गुरु अखाड़ा आश्रम बादियावडली में भादरवी दशमी के उपलक्ष में रात भर भजन कीर्तन एवं पाठ दर्शन धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गोविंद गुरु अखाड़ा आश्रम के जिला अध्यक्ष रतन लाल महाराज ने बताया कि भक्तों ने रातभर भजनों का आनंद लिया। महंत ताजू महाराज, भुरा गर महाराज, खेमाजी रोत समेत के सानिध्य में पाठ पूजन कर पाठ दर्शन का आयोजन हुआ। इस मौके पर बांसवाड़ा डूंगरपुर सांसद कनकमल कटारा में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए भक्ति मार्ग पर चलते हुए मास मदिरा से दूर रहने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देने, गोविंद गुरु के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। सांसद ने कहा कि छत्तीसगढ़ समय राज्यों का दौरा किया लेकिन कही पर भी नक्सली इलाका नजर नही आया, वहां लोग गणपति पूजा करते नजर आए। सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि आदिवासी समाज को तितर-बितर करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन उनके मंसूबों को सफल नहीं होने दिया जाएगा, उन्होंने समाज को एकजुट रहने की अपील। मनरेगा का मानदेय बढ़ाया, पीएम आवास की राशि बढ़ाई, कोरोना संकटकाल में किसी को भूखा नही सोने दिया केंद्र सरकार ने। बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का आव्हान कर भक्ति मार्ग पर चलने की अपील की। इस दौरान नरेंद्र कुमार रोत, शिव लाल, रणोली सरपंच हिम्मतराम कटारा, माखन लाल झाड़ोल, एमलाल, बेडसा सरपंच रेखा देवी मौजूद रहे।

## हाइवे पर आमझरा के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**डूंगरपुर।**

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के एनएच48 पर आमझरा के पास एक अज्ञात वाहन ने राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में राहगीर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कल रात को सुचना मिली की आमझरा के पास सड़क किनारे एक युवक का शव लहुलुहान हालत में पड़ा हुआ है जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही मृतक की पहचान पुलिस ने झिजवा निवासी विनोद खराड़ी के रूप में की। सुबह परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संजीवनी परामर्श एवं सहायता केंद्र का शुभारंभ

**डूंगरपुर।**

जिले में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आमजन को तनाव मुक्त बनाने की दिशा में शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेरिज होल परिसर में संजीवनी परामर्श एवं सहायता केंद्र का शुभारंभ हुआ। नगरपरिषद व हृदय सेवा संस्थान केंद्र की ओर से शुरू किये गए संजीवनी परामर्श एवं सहायता केंद्र शुभारम्भ जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने किया। इस मौके पर एसपी सुधीर जोशी, सभापति अमृतलाल कलासुआ व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या सहित अन्य लोग शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर सुरेश कुमार ओला व एसपी सुधीर जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में कलेक्टर व एसपी ने कहा की पिछले कुछ सालो में जिले में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। लोग छोटी-छोटी बातो पर मौत को गले लगा रहे है। ऐसे में इस प्रकार के लोगो को समय पर आवश्यक परामर्श मिल जाए तो इन घटनाओं पर लगाम लग सकती है। उन्होंने कहा की नगरपरिषद व हृदय संस्थान की ओर से शुरू किये गए संजीवनी परामर्श एवं सहायता केंद्र की भूमिका आत्महत्या की घटनाओ पर लगाम लगाने के लिए कारगर साबित होगा। कलेक्टर व एसपी ने लोगो से किसी भी प्रकार की समस्या व तनाव होने पर संजीवनी परामर्श एवं सहायता केंद्र पहुंचकर लाभ लेने का आव्हान किया है।

## महा विद्यालय के संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत

**सीमलवाड़ा।**

एक महा विद्यालय के संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव गोबर थाना धंबोला निवासी पूंजीलाल पुत्र स्व. मसूर डामोर उम्र ।3 की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जोकि सेवानिवृत्त प्राचार्य थे व सीमलवाड़ा कस्बे में पूंजीलाल डामोर चौरासीगढ़ महा विद्यालय के संचालक थे।

उनके भतीजे भाटिया थाना धंबोला निवासी राजेश पुत्र मंगलजी डामोर ने बताया कि गुरुवार रात आठ बजे नागौर - चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे ।9 पर भादसोड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के विराट होटल के पास यह हादसा हुआ है। पुलिस को सौंपी रिपोर्ट में बताया कि राजेश डामोर जोकि अपने बड़े पापा पूंजीलाल डामोर के साथ बोलेरो जिप से डूंगरपुर की तरफ आ रहे थे। जिप को किशनपुरा निवासी सागर भाई चला रहा था। भादसोड़ा सर्कल के पास आगे चल रहा ट्रेलर चालक ने जोर से ब्रेक लगा दिया जिससे जिप ट्रेलर के पीछे घुस गई। हादसे में पूंजीलाल डामोर की मौके पर ही मौत हो गई। चालक सागर भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उदयपुर रैफर किया। वहीं राजेश के भी एक हाथ में चौंट आई है। शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। शुक्रवार शाम को शव को गांव में लाया गया।

## सपना फाउंडेशन के तत्वावधान में 55 यूनिट रक्तदान हुआ

### यह पहला मौका था जब रात को युवाओं ने रक्त दान किया

**सागवाड़ा।**

फाउंडेशन सागवाड़ा के प्रभारी राहुल सेवक सिलोही के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बीती रात रक्तदान शिविर हुआ। यह पहला मौका था जब रात को युवाओं ने रक्तदान किया। इस दौरान राहुल सेवक सिलोही के जन्मदिन पर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान बांसवाड़ा, डूगरपुर सहित वागड़ क्षेत्र से सपना फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्यों की अहम भूमिका रही। रात्रिकालीन रक्तदान शिविर रात 10 बजे तक चला। जिसमे लगभग 55 यूनिट रक्तदान किया गया।




### इन अतिथियों का रहा मार्गदर्शन

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. टिकेंद्र शर्मा ने की।

मुख्य अतिथि रक्तदान युवा वाहिनी उदयपुर के दीपक गहलोत थे। बांसवाड़ा MG हॉस्पिटल ब्लड बैंक से नरेंद्र बगेल, शरद त्रिवेदी, वीरेंद्र भट्ट, मुर्तजा रतलामी, रेड ड्राप बांसवाड़ा से राहुल सर्राफ, महिला सदस्य गरिमा भट्ट का विशेष मार्गदर्शन मिला।

### रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह

रात्रिकालीन रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्तदान हुआ। जिनमे एक विकलांग शिक्षक कानपुर निवासी कमलेश पाटीदार जिन्होंने स्वेच्छा से पहली बार रक्तदान किया। वही रक्तदान शिविर में पिता पुत्र ने एक साथ रक्तदान किया जिनमे गौतम पाटीदार कराडा ओर पुत्र रोशन पाटीदार ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। साथ ही बाँसवाड़ा जिले से 30 किलोमीटर आपातकालीन सफर कर महिला रक्तवीर परतापुर निवासी विधि जैन ने ऐतिहासिक रात्रिकालीन रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। इस दौरान सपना फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सभी रक्तविरो का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की।

### इनका रहा विशेष सहयोग

इस अवसर पर रक्तदान करने के लिए रक्तवीरों का उत्साह तारीफ के काबिल रहा। इस दौरान सपना फाउंडेशन के फाउंडर विश्वम्भर मेघवाल, महासचिव चार्मी भट्ट, डूंगरपुर प्रभारी पीयूष हरसोत पिंडावल, बांसवाड़ा प्रभारी सुनील शिवपुरा, रोहित गणावा, रोहित निनामा, अजय मईड़ा, सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक सिलोही पंकज पाटीदार पादरा, भावेश पंड्या, धनेश्वर पाटीदार, कुलदीपसिंह, अजय बुज एवं विकलांग शिक्षक कमलेश पाटीदार कानपुर उपस्थित रहे।

## सोसाइटी पर सरकार की ओर से लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग

**डूंगरपुर।**

आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग को लेकर आज डूंगरपुर जिले में सोसायटी के एजेंट और निवेशकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया वही प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। निवेशकों ने बताया कि आदर्श क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसाइटी की देश के 32 राज्यों में शाखाएं हैं और यह सोसाइटी वर्ष 1999 से पूरे देश में निवेशको के हितों का ध्यान रखते हुए काम कर रही है। लेकिन वर्ष 2018 में एक झूठी शिकायत पर सरकार ने सोसायटी पर प्रतिबंध लगा दिया जिसकी वजह से सोसायटी निवेशकों का भुगतान नहीं कर पा रही है। सोसायटी के एजेंट ने बताया कि आदर्श क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसाइटी की कुल संपत्तिया 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की है जबकि देनदारियां इससे कहीं कम है। निवेशक को और एजेंट्स ने सरकार से मांग की है की सोसायटी पर लगाया गया प्रतिबंध शीघ्र हटा जाए ताकि निवेशकों को भुगतान किया जा सके।